<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04 जुलाई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- हाथरस भगदड़ हादसे में मृतकों की संख्या हुई एक सौ इक्कीस। मरने वालों में छह लोग दूसरे राज्यों के।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस में किया घटना स्थल का दौरा। घायलों से मुलाकात कर बोले– घटना के जिम्मेदार लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाई। मुख्यमंत्री के दौरे के बाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में गठित हुआ न्यायिक जांच आयोग।
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में दिया जवाब। कहा–गरीबी के खिलाफ लड़ाई होगा सरकार का प्रमुख एजेंडा।
- लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के आश्रितों को मिलेगी यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा।

**********

हाथरस के फुलराई मुगलगढ़ी गांव में मंगलवार को सत्संग में भगदड़ के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर एक सौ इक्कीस हो गई है। इनमें से एक सौ बारह की पहचान हो चुकी है। मृतकों में एक सौ तेरह महिलाएं, छह बच्चे और दो पुरूष शामिल हैं। प्रदेश के हाथरस, बदायूं, कासगंज, अलीगढ़, एटा, हमीरपुर, आगरा, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर और लखीमपुर खीरी समेत सोलह जिलों के श्रद्धालुओं की मौत हुई है। मृतकों में छह लोग मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के हैं। हादसे में घायल हुए इक्कतीस लोगों का इलाज हाथरस, एटा, अलीगढ़ और आगरा के अस्पतालों में चल रहा है। इस बीच प्रदेश सरकार ने कहा है कि हादसे में जान गवाने वाले प्रदेश के बाहर के लोगों के परिजनों को भी सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हाथरस पहुंच कर घटनास्थल का दौरा किया और घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ समीक्षा बैठक भी की। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथरस हादसे में जो भी जिम्मेदार हैं उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कोई भी दोषी बच नही पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की न्यायिक जांच होने जा रही है।

***हादसे के कारणों की प्रारंभिक व्यवस्था देखी जा सके इसको देखने के लिए वहाँ पर मैं स्वयं गया था और हमारे तीन मंत्री यहाँ पर कल से ही कैम्प कर रहे थे। मुख्य सचिव और पुलिसमहानिदेशक भी। यहाँ पर कल से ही कैम्प कर रहे हैं इस पूरी घटना के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की भी दिशा में आगे कारवाई की जा रही है जिसमें कुछ विशेष दल बनाए गए हैं जिनमें अलग अलग जनपदों में उनकी कारवाई अब प्रारंभ होगी और प्रारंभिक जाँच के बाद आगे की कारवाई को हम लोग आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे और ज़ुड़िसियल इनक्वारी के बारे में आज ही इसके नोटिफिकेशन शासन के द्वारा भी जारी हो जाएगी।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि एडीजी आगरा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है। इसने एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। उन्हें इस मामले की गहराई से जांच करने के लिए कहा गया है। इसमें कई ऐसे पहलू हैं जिनकी जांच की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने आर्थिक सहायता की घोषणा की है। इस घटना के शिकार हुए नाबालिग बच्चे, जो स्कूली छात्र हैं, उन्हें उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत शिक्षा में उनकी मदद की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी कल हाथरस जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना । हाथरस में कल हुई भगदड़ के बाद फोरेंसिक विशेषज्ञों ने डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र किए हैं। इस बीच हाथरस के जिला अधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि सत्संग एक निजी समारोह था, जिसके लिए एसडीएम ने अनुमति दी थी। स्थानीय प्रशासन ने आयोजन स्थल के बाहर सुरक्षा प्रदान की, जबकि अंदर की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई थी। उधर प्रवचनकर्ता साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा ने कल शाम अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने भगदड़ मचाई और वह उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही के लिए कदम उठाएगें।

**********

हाथरस में भगदड़ के दौरान हुए भीषण हादसे की न्यायिक जांच के लिए राज्य सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षयता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है। राज्यपाल आनंदीबेन पेटल द्वारा कल रात इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी। इस न्यायिक जांच आयोग में सेवा नेवृत्त आईएएस अधिकारी हेमंत राव और

सेवा नेवृत्त आईपीएस अधिकारी भवेश कुमार सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह आयोग अधिसूचना जारी होने की तारिख से दो माह की अवधि के भीतर जांच पूरी करेगा।

**********

हाथरस में सत्संग में भगदड़ की घटना के बाद भोले बाबा के आगरा में प्रस्तावित सत्संग कार्यक्रम पर रोक लगा दी गई है। भोले बाबा के नाम से प्रसिद्ध नारायण हरि साकार बाबा का आगरा के सैया कस्बे में आज संत समागम सत्संग प्रस्तावित था। इसके साथ ही बाबा की धर–पकड़ की कार्रवाई भी तेज कर दी गई है।

हाथरस में हुई दुखद घटना में जान गंवाने वाले लोगों को कल राज्यसभा में श्रद्धांजलि दी गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस दुखद घटना में जानमाल की हानि और घायल होना दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सुझाव दिया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह को हाथरस की घटना पर बयान देना चाहिए।

हाथरस में हुई घटना को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी दुख जताया है। श्री पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शोक संदेश भेजा है। अपने शोक संदेश में रूस के राष्ट्रपति ने लिखा है कि उत्तर प्रदेश में हुए दुखद हादसे पर संवेदनाएं स्वीकार करें।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का कल राज्य सभा में जवाब दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संविधान केवल अनुच्छेदों का संकलन नहीं है, बल्कि इसकी भावना और शब्द सरकार के लिए मूल्यवान हैं। श्री मोदी ने कहा कि संविधान, सरकार को दिशा दिखाने वाला प्रकाश स्तम्भ है। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान सरकार के दृष्टिकोण पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबी के खिलाफ लड़ाई, सरकार का प्रमुख एजेंडा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने इस सरकार के पिछले दस वर्षों के दौरान किए गए कार्यों का समर्थन किया और सरकार को उसके प्रदर्शन के आधार पर चुना है। उन्होंने कहा कि छह दशक बाद ऐसा हुआ कि लोगों ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इसकी घोषणा की।

**********

आलू की कीमतों में बढोत्तरी को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा है कि जमाखोरी करने वाले बिचौलियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निजी शीतगृहों का नियमित निरीक्षण कर मंडियों में आलू की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

**********

राज्य सरकार द्वारा किसान श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए चलाई जा रही मुफ्त विद्युत योजना के पंजीकरण की अंतिम तिथि पन्द्रह जुलाई तक बढ़ा दी गयी है। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि योजना में शामिल होने के लिए नलकूप उपभोक्ता पन्द्रह जुलाई तक पंजीकरण करवा कर लाभ ले सकते हैं।

**********

प्रदेश सरकार लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के पात्र आश्रितों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा उपलब्ध कराएगी। प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने बताया कि तत्काल प्रभाव से इस आदेश को लागू करने के लिए परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

**********

प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के बाद बीते चौबीस घंटे में सभी जिलों में रूक–रूक कर मध्यम से तेज बारिश का सिलसिला बना हुआ है। सिंचाई और जल संसाधन विभाग के मुताबिक बीते चौबीस घंटों में प्रदेश के पांच जनपदों में सौ मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा। आज वाराणसी, कानपुर, जालौन, मिर्जापुर में मेघ गर्जना के साथ भारी बारिश हो सकती है। इस बीच प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया है कि लगातार हो रही बारिश के बावजूद वर्तमान में प्रदेश के सभी तटबंध सुरक्षित हैं। कहीं भी किसी प्रकार की चिन्ताजनक स्थिति नही है।

**********